हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 29 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 समाज में व्याप्त बुराइयों को करें दूर



13 नवरात्रि से पहले शहर में मालवाहकों का मार्ग बदला





# संपत्ति, जल और समेकित कर जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा

नगर पालिका परिषद ने करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर ने जानकारी देते हुए बताया कि संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर एवं दुकान किराया राशि जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित की गई थी।

लेकिन नागरिकों की सहूलियत को देखते हुए दो अतिरिक्त दिवस की विशेष छूट दी गई है। अब करदाता 2 अप्रैल 2025 तक बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपना कर जमा कर सकते हैं। नगर पालिका द्वारा यह निर्णय इसलिए लिया गया है ताकि जिन नागरिकों ने अब तक किसी कारणवश अपना कर जमा नहीं किया है, उन्हें अंतिम तिथि के बाद अनावश्यक अधिभार का सामना न करना पड़े।

**अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे कार्यालय:** नगर पालिका प्रशासन ने करदाताओं को अधिक से अधिक सुविधा देने के लिए अवकाश के दिनों में भी कार्यालय खुले रखने का निर्णय लिया है। अब नागरिक बिना किसी परेशानी के अपने करों का भुगतान कर सकते हैं और जुर्माने से बच सकते हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि 2 अप्रैल 2025 के बाद करदाताओं को अतिरिक्त चार्ज देना अनिवार्य होगा। इस अवधि के बाद कर जमा करने पर संपत्तिकर पर 6.25% (सवा 6%) सरचार्ज लगेगा। 1000 रुपए का अधिभार (पेनल्टी) अतिरिक्त रूप से देना होगा।

### नगर पालिका ने करदाताओं को दी राहत



#### करदाता नगर पालिका राजस्व विभाग में करें भुगतान

जो भी करदाता अभी तक अपना कर जमा नहीं कर पाए हैं, वे जल्द से जल्द नगर पालिका दल्ली राजहरा के राजस्व विभाग में जाकर अपनी राशि जमा करें। समय पर कर भुगतान करने से न केवल आर्थिक भार से बचा जा सकता है, बल्कि नगर पालिका की विकास योजनाओं में भी सहयोग मिलेगा। नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और जल्द से जल्द संपत्तिकर, जलकर, समेकित कर एवं दुकान किराया राशि का भुगतान करें। यह राशि शहर के विकास एवं जनहित योजनाओं में उपयोग की जाती है। समय पर कर जमा करने से न केवल आपको जुर्माने से राहत मिलेगी, बल्कि शहर के बेहतर विकास में भी आपकी भागीदारी सुनिश्चित होगी।

## खबर संक्षेप

### परसदा में परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती समारोह आज

**अंडा।** परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती समारोह ग्राम परसदा परिक्षेत्र आटेबंद बालोद में दिनांक 29 मार्च को भक्त माता कर्मा की जयंती परिक्षेत्रीय साहू समाज के तत्वाधान में मनाने जा रहे हैं। सुबह 10.00 बजे से कलश एवं शोभायात्रा दोपहर 12.00 बजे से माता कर्मा पूजा अर्चना दोपहर 01.00 बजे से अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन दिया के अंजोर जस झांकी एवं फाग मंडली पेंड्री कलंगपुर की प्रस्तुति 03.00 बजे से परिक्षेत्रीय पदाधिकारीगण संरक्षक ओमप्रकाश साहू सकरौद, बलराम साहू धर्मी अध्यक्ष मोती कुमार लाल साहू गुरेदा उपाध्यक्ष छन्नुलाल साहू ओटेबंद, कोषाध्यक्ष भीषम लाल साहू डौकीडीह, उपकोषाध्यक्ष बालगोविंद साहू, मुख्य अतिथि कुंवरसिंह निषाद विधायक गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र अध्यक्षता माननीय मानसिंह सार्वा अध्यक्ष तहसील साहू संघ गुण्डरदेही विशेष अतिथि पुरुषोत्तम चंद्राकर जनपद पंचायत अध्यक्ष होंगे। यह जानकारी कुलदीप साहू ने दी।

### गांव में शांति के लिए महिला कमांडो कर रही गश्त

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में महिला कमांडो द्वारा प्रतिदिन रात्रि गश्त की जाती है। महिला कमांडो की महिलाएं प्रतिदिन शाम 7 से रात्रि 9 बजे तक रेंगाडबरी के गली मोहल्ले में लाठी पकड़ कर सीटी बजाते हुए शांति व्यवस्था बनाने के लिए चौक-चौराहे होते हुए बाजार चौक, बस स्टैंड में भ्रमण किया जाता है, जिससे गांव में शांति व्यवस्था बनी है। ग्रामीण प्रतिनिधि नेमन साहू ने बताया कि महिला कमांडो की महिलाएं सुनीता बाई, रेश्मि बाई नायक, गोमती बाई रावटे, केसर बाई, बिहान बाई, सखिना बाई, राधिका बाई, मोंगरा बाई देशमुख, डिलेश्वरी, सोनई बाई गौरी बाई, मनकी बाई, नीरा बाई सहित अन्य महिलाओं का शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग रहता है।

### नशे में वाहन चलाने वाले 91 लोगों पर कार्रवाई

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ ऑपरेशन सुरक्षा अभियान चलाया। इस दौरान पिछले 10 दिन में 1235 वाहनों की जांच की गई। इसमें 91 वाहन चालक ऐसे मिले, जो नशे की हालत में वाहन चला रहे थे। उनके विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसके अलावा बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 1081, मॉल वाहक में सवारी ढोने वाले 41, नो इंट्री में प्रवेश करने वाले 22 भारी वाहनों पर कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा में निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। सतांनद विध्यराज, उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जगह-जगह कार्रवाई की गई। प्रकरण तैयार कर वाहन चालकों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से प्रत्येक वाहन चालक पर 10,000 रुपए अर्थदंड लगाया गया।

## कार्रवाई

**नेवारीकला में तांदुला नदी में हो रहा था खनन, ग्रामीण युवाओं ने पकड़ा**

# रेत के अवैध खनन में लगे हाईवा और चेन माउंटेन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम नेवारीकला में तांदुला नदी में देर रात अवैध तरीके से रेत उत्खनन कर परिवहन करने की कोशिश को ग्राम के युवाओं ने नाकाम कर दिया और अवैध खनन व परिवहन के लिए आए हाईवा व चैन माउनटेन को धर दबोचा। देर रात पकड़े इस हाईवा व चैन माउटेंन को भागने न देने के लिए स्वयं कई युवा अंधेरे व रातभर ठंड से ठिठुरने से बचने के लिए अंगेठी जलाकर चैन माउटेन व हाईवा के सामने डटे रहे।

ग्राम नेवारीकला स्थित तांदुला नदी रेत के लिए आस पास के क्षेत्र में दूर दूर तक जाना जाता है और यहां के रेत को लोग सोने से कम नहीं आकते। क्योंकि ग्राम नेवारीकला स्थित रेत में हर प्रकार के रेत मिलते है और इसी रेत को चोरी करने का प्रयास गुरूवार व शुक्रवार दरमियानी देर रात चैन माउंटेन के माध्यम से रेत उत्खनन करने की आवाज व गाड़ियों की लाइट देखने को मिली, जिसके बाद ग्राम के युवा सतर्क हो गए व रेत खनन कर रहे चैन माउटेन व परिवहन कर रहे हाईवा के चालकों को पकड़कर हाईवा व चैन माउनटेन को कब्जा में लिया इसके बाद जब चैन माउटेंन व हाईवा चालक को ग्राम के युवाओं द्वारा रात में किसकी अनुमति रेत खनन करने का प्रश्न किया तो उल्टे चैन माउटेंन व हाईवा चालक ग्राम के जनप्रतिनिधियो की अनुमति से यह काम करने का गोल मोल जवाब देने लगे, लेकिन जब सुबह ग्रामीणों के बीच पुनः वहीं सवाल हाईवा चालक व चैन माउटेंन चालक से दोहराई गई तो वे अपनी बात से पलटकर किसी अन्य बाहरी व्यक्ति के निर्देश पर यह कार्य करने की बात कहने लगे। बताया जा रहा है कि यही चैन माउंटेन व हाईवा किसी अन्य काम से ग्राम में आए हुए थे, लेकिन रात में काम करने के दौरान सभी ग्रामीणों को सोते व ग्राम में सन्नाटा छाते देख इनकी नियत डोल गई और ये अपना मुख्य काम करने के जगह नदी से रेत का उत्खनन करने में लग गए थे, जिसे ग्राम के जागरूक व सजग युवाओं ने रेत की चोरी होने से रोक लिया।




### मांग के बाद भी नहीं बना पुल

युवाओं ने कहा हमारे ग्राम में कई साल से पुल निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन ग्राम में पुल का निर्माण तो नहीं किया जा रहा और शासन प्रशासन यहां के नदी के रेत को बेचकर अन्य कामों में उपयोग व राजस्व की कमाई कर रहे हैं, लेकिन ग्राम नेवारीकला स्थित रेत से करोड़ों की कमाई करने वाला शासन प्रशासन ग्राम में एक पुल भी नहीं बना पा रही है, जो ग्राम के विकास को बाधित कर रही है। ग्राम के युवाओं ने कहा बरसात में नदी में पानी होने के कारण नदी से रेत चुराना नामुमकिन है ऐसे में गर्मी लगते ही नदी का पानी सुख जाने पर रेत की चोरी करने वाले सक्रिय हो जाते हैं और देर रात नदियों में पहुंचकर नदी से रेत चोरी करने का काम करते हैं, ऐसे में अब हम सजग होकर थोड़ी चहल पहल पर नजर बनाए रखते हैं ताकि हमारी थोड़ी सी लापरवाही से ग्राम के नदी का रेत चोरी न हो जाए।

# शिक्षक संघ की बैठक में पदोन्नति न मिलने से दिखी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ की बैठक में प्राचार्य पदोन्नति सहित विभिन्न विषयों पर की गई चर्चा

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ की प्राचार्य पदोन्नति को लेकर विगत दिवस गुरुवार को प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि प्राचार्य पदोन्नति में लोक सेवा आयोग द्वारा डीपीसी होने के बाद भी प्रशासन की ओर से देरी की जा रही है। शिक्षकों के सभी स्तर पर समयमान-वेतनमान, सोना साहू प्रकरण, बर्खास्त बी.एड. सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसके बाद प्रतिनिधि मंडल ने लोक-शिक्षण संचालनालय कार्यालय में उप-संचालक आशुतोष चावरे से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया। संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्य रूप से प्राचार्य पदोन्नति मामले में उच्च न्यायालय में विभाग द्वारा विभागीय पक्ष मजबूती से नहीं रखने के कारण 16 अप्रैल तक स्थगन दिए जाने पर तीव्र आक्रोश जाहिर किया । जब कि ऐसी ही समरूप याचिका को उच्च न्यायालय की युगल खंडपीठ द्वारा खारिज किया जा चुका है, जिसे न्यायालय में अवगत नहीं कराया गया।

उप संचालक श्री चावरे ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि 16 अप्रैल को उच्च न्यायालय में शिक्षा विभाग पूरी दमदारी व तथ्यों -आंकड़ों के साथ भर्ती पदोन्नति नियम के प्रावधानों को प्रस्तुत करेगा। शासन अप्रैल में ही प्राचार्य पदोन्नति जारी करने के लिए प्रतिबद्ध है । इस संबंध में औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। साथ ही अप्रैल में ही प्राचार्य पदोन्नति जारी कर दी जाएगी। उधर पदस्थापना के मामले में संगठन को अवगत कराया गया कि पदोन्नति के बाद प्राचार्य पदस्थापन ओपन काउंसिलिंग से किए जाने की संभावना है, ताकि पक्षपात की आशंका समाप्त की जा सके। संगठन ▶▶| शेष पेज 12 पर

# दल्लीराजहरा में हिंदू नव वर्ष का भव्य स्वागत





हरिभूमि न्यूज. दल्लीराजहरा

हिंदू नव वर्ष के शुभ अवसर पर दल्लीराजहरा शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। प्रत्येक घर, गली और बाजार में उल्लास का माहौल है। घर-घर में भगवा ध्वज लहराए जा रहे हैं, जिससे संपूर्ण शहर भक्ति और सांस्कृतिक उत्साह में डूबा हुआ नजर आ रहा है। आज हिंदू नव वर्ष का भव्य आगाज होगा, जिसे लेकर दल्लीराजहरा के नागरिकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। शहर में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

भजन संध्याओं, शोभायात्राओं और दीप प्रज्वलन के माध्यम से नगरवासियों ने नव वर्ष का स्वागत किया। शहर की प्रमुख सड़कों और मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया है। विभिन्न संगठनों द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का भी आयोजन किया गया है, जिसमें श्रद्धालु बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। नगरवासियों का मानना है कि हिंदू नव वर्ष नए संकल्पों और सकारात्मक ऊर्जा के साथ जीवन में नई प्रेरणा लाता है। इस अवसर पर नगर प्रशासन ने भी सुरक्षा और व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए हैं, ताकि सभी नागरिक सुरक्षित और सुखद वातावरण में इस पर्व का आनंद उठा सकें।

# नगर सरकार बदलते ही शहर की बदलने लगीं तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- स्ट्रीट लाइट से चमने लगा शहर का सरदार पटेल मैदान

नगर की सरकार बदलते ही नगर के उपेक्षित स्थलों की साज सज्जा होने लगी है, इससे नगर वासियों की सुविधाएं बढ़ी है। नगर के हृदय स्थल कहे जाने वाला सरदार पटेल मैदान सालों से उपेक्षा के चलते रात होते ही अंधेरे में शराबियों व नशोड़ियों का अड्डा हो गया था, जिसके कारण इस मैदान से गुजरने वाले लोगों को आपसी गाली गलौच व लड़ाई झगड़े का सामना करना आम बात सी हो गई थी। असामाजिक तत्व के बढ़ते दुष्प्रभाव व इस मार्ग से महिलाओं के न आ पाने को देखते हुए नगर पालिका द्वारा स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था इस मैदान में की गई है।



रात के अंधेरे का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्त्व सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में खुलेआम बेखौफ होकर नशापान करते दिखाई पड़ जाते थे। शराब आदि पीकर शराब की बोतलों को भी वहीं फोड़ कर चले जाते हैं। इन सबसे यहां का माहौल दिनोदिन बिगड़ने लगा था। एक समय था जब इस मैदान में लोग रात्रि में परिवार सहित पैदल चहलकदमी करने आते थे, पर अब आने से भी डरते हैं। यह मैदान असामाजिक तत्त्वों के लिए अनैतिक कार्यों का अड्डा बन गया है। इन सबसे परेशान होकर लोगों ने नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी से इसकी शिकायत नगरीय निकाय चुनाव से पूर्व की थी, जिनकी शिकायत थी कि यहां स्ट्रीट लाइट लगाई जाए ताकि महिलाएं और बच्चे भी रात्रि में मैदान में बेखौफ घूम सके।

नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी ने जनसरोकार को ध्यान में रखकर मैदान के निकट सभी विद्युत पोलो में स्ट्रीट लाइट पालिका के माध्यम से लगावाया, ताकि मैदान में अंधेरा ना रहे, वहीं उन्होंने लोगों को आश्वासन दिलाया कि थाना निरीक्षक से मिलकर यहां रात्रि गस्त करवाने की व्यवस्था की जाएगी, ताकि कोई हादसा घटित ना हो, वहीं नए पालिका परिसर के गार्डन में भी अंधेरा होने से यहां भी धीरे धीरे युवाओं का अड्डा नशापान के लिए होने लगा था, यहां भी प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करवाते हुए नशापान करने वालो को यहां प्रश्रय नहीं देने का कार्य किया है। यहां लगे गार्डन लाइट की मरम्मत संधारण कर नए स्ट्रीट लाइट लगवा कर प्रकाश व्यवस्था की गई है, ताकि बच्चे भी यहां आकर खेल सके।

इस अवसर पर पार्षद एवं मजदूर नेता गिरिजेश गुप्ता, पूर्व एल्डरमेन विनोद जैन, महेश पाठक, राहुल साहू, सौरभ जैन, गोविंद सोलवंशी, तुलेश साहू, गौतम गुप्ता, प्रेम साहू, आशु कौशिक, जीत यादव उपस्थित थे।

**ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि ने दादी जानकी और दादी गुलजार की पुण्यतिथि पर श्रध्दांजलि सभा का आयोजन किया**

# दादी जानकीजी का जीवन था योग की जीती-जागती मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी और दादी गुलजार की पुण्यतिथि पर श्रध्दांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दोनों दादियों के चित्र पर केन्द्र की मुख्य संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी और सह संचालिका बीके सरिता दीदी के साथ में सभी ब्रह्माकुमारी दीदी सहित संस्था के सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

इस दौरान बीके विजयलक्ष्मी ने कहा कि दादी जानकी का जीवन समस्त विश्व में नारी शक्ति के लिए प्रेरणा स्त्रोत थी, दादी जानकी ने 104 वर्ष की आयु तक सम्पूर्ण विश्व को पालना दिया। दादी के चेहरे पर दिव्यता थी और संस्था को आगे बढ़ाने में मुख्य योगदान था, 1974 में विदेश में सेवा के लिए गई।






उन्होंने कहा महिला होते हुए सबसे अधिक खंडो में उन्होंने सफर किया और उनको दुनिया की सबसे स्थिर बुद्धि वाली महिला की उपाधि भी मिली। उन्होंने बताया 145 देशों में ब्रह्माकुमारी सेवाकेन्द्र खुले वह दादी जानकी की सेवाओं का फल है व दादी जानकी के नेतृत्व में अनेक धर्म सम्मेलन आयोजित हुए। दादी सामाजिक सेवाओं में सहयोग देते रही और 38 साल तक संस्था की मुख्य प्रशासिका रही, उन्होंने अनेक आत्माओं को श्रेष्ठ जीवन जीने की कला सिखाई।

दादी जानकीजी का जीवन साक्षात में योग की जीती–जागती मिसाल है। उन्होंने राजयोग के अभ्यास से खुद को इतना परिपक्व, शक्तिशाली, महान और आदर्शवान बनाया कि उनका एक–एक वाक्य महावाक्य बन गया। उन्होंने योग–साधना से मन को इतना संयमित, पवित्र, शुध्द और सकारात्मक बनाया कि वे जिस समय जिस संकल्प पर जितनी देर चाहती, स्थिर रह सकती थीं। यही कारण है कि जीवन के 103 वर्ष की आयु में भी आपकी ऊर्जा और उत्साह देखते ही बनता था। केवल भारत ही नहलृ, बल्कि विश्व के 145 देशों में अपनी मौजूदगी से दादीजी ने लाखों लोंगो की ॠृजदगी में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया।

उन्होंने गुलजार दादी के साथ कई बार मुलाकात किये और उनके संस्मरण को साझा करते हुए बताया कि दादी जी कहती थी शरीर से प्राण निकल जाएं लेकिन खुशी कभी न जाएं। उन्होने बताया कि उनसे मिलने के बाद बहुत शांति की अनुभूति होती थी और दादी के पास बैठने से अती्द्रिरय सुख की अनुभूति प्राप्त होती थी।

दादी कहती थी हर कार्य में सफल होने का एक ही मूलमंत्र है– दृढ़ता। यदि जीवन में दृढ़ता है तो सफलता निश्चित है, दृढ़ता रूपी चाबी को हमेशा संभालकर रखें। उन्होंने कहा दादीयों ने जो कर्तव्य किये उसे अपने जीवन में उतारे और दादीयों की दी गई, शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण करें वही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का आज गायत्री परिवार करेगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- स्वर्ण जयंती पर प्रत्येक गांव में दीप यज्ञ तथा घर देव स्थापना भी की जाएगी

गायत्री परिवार ट्रस्ट बालोद द्वारा 2025 के चुनाव में निर्वाचित ग्रामीण, जनपद पंचायत और नगर पालिका परिषद बालोद के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों सम्मान करने का निर्णय लिया गया है, जिसके अंतर्गत 29 मार्च दोपहर 3 बजे गायत्री मंदिर में समारोह आयोजित किया गया है।

अखिल विश्व गायत्री परिवार के निर्देशानुसार माता भगवती देवी शर्मा तथा अखंड ज्योति की स्थापना का 100 वर्ष स्वर्ण जयंती पर प्रत्येक गांवों में दीप यज्ञ तथा घर देव स्थापना की जाना है। साथ ही बालोद में होने वाले 108 कुंडी महायज्ञ को फलीभूत किया जाना है। मानव में देवत्व का उदय और पृथ्वी पर स्वर्ग का अवतरण की धारणा सर्व धर्म सहयोग से सम्पन्न होगा। इसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारणि पुष्पेंद्र चंद्राकर होंगी। अध्यक्षता नगरपालिका बालोद अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी करेंगी।

अतिविशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा चेमन देशमुख, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू, समन्वयक दुर्ग भिलाई एसपी सिंग, जिला समन्वयक बीएस अठनागर, अध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद सरस्वती तेरमिया, उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तोमन साहू, उपाध्यक्ष नगर पालिका बालोद कमलेश सोनी, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद दिनेश सिन्हा, विशिष्ट अतिथि समस्त जिला पंचायत सदस्य गण, समस्त जनपद पंचायत सदस्य, समस्त पार्षद, नगरपालिका समस्त सरपंच विकास खंड बालोद होंगे, जिनका गायत्री परिवार स्वागत करेगा।

# सर्वर की समस्या से एक दिन बाद रजिस्ट्री, 16 फीसदी राजस्व की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला पंजीयन कार्यालय में जमीन की रजिस्ट्री में सर्वर आडे आ रहा है। हालात यह है कि, अप्वाइंटमेंट के दिन की रजिस्ट्री दूसरे दिन हो रही हैं। सर्वर ठप होने से जिला पंजीयक कार्यालय को टारगेट पूरा करने की चुनौती भी बनी हुई है।

बहरहाल वित्तिय वर्ष की 84 राजस्व प्राप्त हो चुकी हैं, वही शेष 16 फीसदी राजस्व की वसूली के लिए सिर्फ चार दिन ही शेष हैं। हांलाकि सर्वर की समस्या पूरे प्रदेशभर में बनी हुई है। एक अप्रैल से नए कलेक्टर गाइडलाइन आने के कारण जमीन की दर महंगी हो सकती है। यही कारण है कि सौदे के बाद पक्षकार सीधे मार्च माह में ही रजिस्ट्री कराने पहुंच रहे है। लेकिन इस बीच सुबह से शाम सर्वर की समस्या बनी हुई है। एक साथ सैकडों प्रकरण रजिस्ट्री के सामने आने के चलते सिस्टम में बैठ गया है। हांलाकि बुधवार के पेंडिंग रजिस्ट्री के प्रकरण का निपटारा गुरूवार को भी किया गया। जिला पंजीयक कार्यालय में देर रात रजिस्ट्री हो रही हैं। राज्य स्तर से किसी भी स्थिति में टारगेट पूरा करने के निर्देश दिए गए है। यही कारण है कि, देर रात आठ बजे तक रजिस्ट्री की प्रक्रिया कार्यालय में चल रही हैं।

### वित्तीय वर्ष के चार दिन ही शेष, शनिवार और रविवार को भी रजिस्ट्री

अलग खबर

#### कम करनी पड़ी टारगेट

जिला पंजीयक कार्यालय को इस बार 560 करोड रूपए का टारगेट दिया गया था। लेकिन बाद में राज्य शासन द्वारा इसे 420 करोड रूपए कर दिया गया है। बहरहाल टारगेट के मुकाबले जिले में 84 फीसदी राजस्व मिल चुका हैं, यानि 361 करोड रूपए तक की प्राप्ति हुई है। अफसरों को आगामी चार दिन में टारगेट पूरा करने की उम्मीद है। बहरहाल कार्यालय की टाइमिंग पांच से सात बजे तक कर दी गई हैं।



#### धमधा में एक भी रजिस्ट्री नहीं

गुरूवार को भी सर्वर की समस्या बनी रही। जिसके चलते धमधा उप पंजीयक कार्यालय में एक भी रजिस्ट्री नही हो सकी। जिले में 27 मार्च को दुर्ग के जिला पंजीयक कार्यालय के एसआर वन में 104 एसआर टू में 139 और एसआर तीन में 107 अप्वाइंटमेंट थे, लेकिन 89 रजिस्ट्री हो सकी। वहीं भिलाई तीन में चालीस के जगह सिर्फ पन्द्रह रजिस्ट्री हुई। पाटन में 116 अप्वाइंटमेंट पर 62 रजिस्ट्री हुई। वहीं धमधा में सिर्फ एक अप्वाइंटमेंट थे, उसकी रजिस्ट्री नही हो सकी। वहीं बोरी में 25 प्रकरण में 23 की रजिस्ट्री हुई। इस तरह गुरूवार को एक ही दिन 432 रजिस्ट्री दर्ज की गई हैं।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांगजनों के लिए 7% आरक्षण का प्रावधान

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय द्वारा जारी परिपत्र दिनांक 29 अगस्त 2018 द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधान के तहत सीधी भर्ती में दिव्यांगजनों के लिए 7 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने हेतु शासन के समस्त विभागों, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजस्व मण्डल बिलासपुर, समस्त संभागीय आयुक्त, समस्त विभागाध्यक्ष, समस्त जिलाध्यक्ष, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जिला पंचायत) को निर्देशित किया गया है। भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा निःशक्त व्यक्ति अधिकार अधिनियम 2016 को 19 अप्रैल 2017 से लागू किया गया है। राज्य शासन द्वारा निःशक्त व्यक्ति अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 34 की उपधारा (1) में आरक्षण संबंधी प्रावधानों के परिप्रेक्ष्य में राज्य में प्रत्येक सरकारी स्थापन में सीधी भर्ती के प्रक्रम में भरे जाने वाले प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी की लोक सेवाओं एवं पदों मं निःशक्तजनों के लिए 7 प्रतिशत आरक्षण निर्धारित किया गया है। इसमें अंध और निम्न दृष्टि 2 प्रतिशत, बधिर और श्रवणशक्ति में 2 प्रतिशत, चलन दिव्यांगता जिसके अंतर्गत प्रमस्तिष्क घात, रोगमुक्त कुष्ठ बौनापन, अम्ल आक्रमण पीड़ति और पेशीय दुष्योषण भी हैं, 2 प्रतिशत, स्वपरायणता, बौद्धिक दिव्यांगता, विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता, मानसिक अस्वस्थता और बहु निःशक्तता जिसके अंतर्गत प्रत्येक निःशक्तता के लिए पहचान किए गए पदों पर बधिर और अंधता भी 1 प्रतिशत है। सामान्य प्रशासन विभाग के संदर्भित परिपत्र 17 नवम्बर 2014 अनुसार निःशक्तजनों के लिए पदोन्नति में 3 प्रतिशत आरक्षण यथावत रहेगा। विभागों को निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है।

### ईडी निगम ने क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त से की मुलाकात

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यपालक निदेशक का पदभार ग्रहण करने के बाद प्रवीन निगम ने सौजन्य भेंट के तहत क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त रायपुर, अभिषेक कुमार से मुलाकात की । कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के दिशा–निर्देशों के अनुपालन में आ रही विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा हुई। अभिषेक कुमार ने बीएसपी के वित्त एवं लेखा विभाग द्वारा श्री निगम के मार्गदर्शन में उठाए जा रहे सक्रिय प्रयासों की सराहना की। आमंत्रण पर उन्होंने बीएसपी का दौरा करने हेतु सहमति दी।

## पेज 11 का शेष

### शिक्षक संघ की बैठक ...

ने इसका समर्थन भी किया। इसके अलावा समयमान वेतनमान के प्रस्ताव के लिए सभी संयुक्त संचालकों, जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजने की बात पर भी सहमति हुई। बैठक में सह प्रतिनिधि मंडल में ओंकार सिंह ,महामंत्री मनोज कुमार राय ,उमेश भारती गोस्वामी कार्यकारी प्रांताध्यक्ष, वाई.के.दिल्लीवार संगठन मंत्री,गया राम राजवाड़े कोषाध्यक्ष , टेकराम सेन उपाध्यक्ष ,अशोक कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष, भुवन सिन्हा संभागीय संगठन मंत्री , टिकेश ठाकुर जिलाध्यक्ष ,अर्जुन राम तारम कार्यकारिणी सदस्य , मनीष देवांगन जिलाध्यक्ष , सुनील नायक आदि शामिल रहे।

### गर्मी में ठंगडा बांध को खाली करने का चल रहा षडयंत्र

# ठगडा बांध में मोटर लगाकर बहा रहे पानी, संचालक को नोटिस जारी

*दर्जनभर वार्डों में जलस्तर बनाए रखने वाले ठगडा बांध से भरी गर्मी में मोटर लगाकर पानी बहाने का मामला प्रकाश में आया है। आसपास के लोगों ने जब जलसंसाधन विभाग से इसकी शिकायत की तो विभाग के एसडीओ डीएन शुक्ला ने जांच किया। इस दौरान ठंगडा बांध के संचालक की संलिप्तता सामने आई है। इस मामले में जलसंसाधन विभाग ने निगम आयुक्त को पत्र लिखा है। निगम आयुक्त ने इस मामले में ठंगडा बांध के संचालक को नोटिस जारी किया हैं।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भरी गर्मी में जहां जलस्तर लगातार नीचे जा रही है और जिलेभर में पानी के लिए त्राही त्राही मची हुई हैं। इस बीच ठंगडा बांध के संचालक द्वारा पानी को मोटर लगाकर व्यर्थ बहाया जा रहा हैं। जब जल संसाधन के एसडीओ ने बांध के चौकीदार से कडाई से पूछताछ की तो उन्होने बताया कि, बांध के गहरीकरण किए जाने के लिए पानी निकाला जा रहा हैं। यह किसी से छुपा नही है कि ठगडा बांध में गहरीकरण के नाम पर पहले भी जमकर बंटरबांट किया गया हैं। वही षंडयंत्र एक बार फिर सामने आई हैं। जल संसाधन विभाग ने निगम आयुक्त को पत्र लिखा हैं, जिसमें उन्होने पेयजल की समस्या होने के बाद भी इस तरह पानी बहाने पर नारजगी जताई है। इस पत्र के बाद निगम आयुक्त ने संचालक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया हैं।

हरिभूमि सरोकार

### गहरीकरण के लिए गर्मी में बहाते पाए गए बांध से पानी



#### महापौर ने मौके का किया निरीक्षण

नगर पालिक निगम महापौर अल्का बाघमार को ठगड़ा बांध से पानी बाहर निकलने की समस्या से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर उन्होंने तुरंत स्थल निरीक्षण करने का निर्णय लिया। महापौर ने कहा, "ठगड़ा बांध से पानी को बाहर फेंका जा रहा है, इसकी जांच करवाकर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि, ठगड़ा बांध में जलभराव रहना चाहिए, क्योंकि गर्मी के मौसम में पानी का अत्यधिक महत्व है और यह पशु-पक्षियों के जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। महापौर ने स्थानीय निवासियों को भरोसा दिलाया कि, नगर निगम उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करेगा।

#### बांध में पानी नहीं होने से इन वार्डों में समस्या

ठगड़ा बांध सूखने की वजह से विद्युत नगर, पद्मनाभपुर वार्ड क्रमांक-45, पद्मनाभपुर वार्ड क्रमांक-46, गुरुघासीदास वार्ड, केलाबाड़ी, कसारीडीह, बोरसी के दोनों वार्ड, पोटिया,सिविल लाइन क्षेत्र में भूजल स्तर गिरावट आ जाती है। इनमें से पद्मनाभपुर के दोनों वार्ड, आदर्श नगर, विद्युत नगर, मिनाक्षी नगर शहर का पाश इलाका है, जहां अधिकांश घरों में अभी भी हैडपंप है। आसपास के लोगों ने बताया कि, बांध में पानी नही होने से हैडपंप से मात्र आठ से दस मिनट ही पानी आ रहा है।

#### संचालक ने किसके इशारे पर उठाया कदम?

ठगडा बांध से भरी गर्मी में पानी व्यर्थ बहाने से आसपास के वार्डो के बोरिंग में पानी नही आता है। ठंगडा बांध भरे होने से आसपास जलस्तर बेहतर होता है। नगरनिगम द्वारा ठंगडा बांध को ठेके पर संचालित करने निजी फर्म को दिया गया हैं। हांलाकि इसकी निगरानी करने की जिम्मेदारी निगम प्रशासन की हैं। सवाल यह उठता है कि, जल संसाधन विभाग के जांच में ठगडा बांध के संचालक द्वारा पानी बहाने की जानकारी सामने आई है। सवाल उठता है कि, आखिर संचालक ने किसके इशारे पर कीमती जल को बहाया जा रहा था। आसपास के लोगों ने निगम प्रशासन से कडी कार्यवाही की मांग की हैं।

#### निगम को पत्र लिखा

"गर्मी में जलस्तर गिरने की समस्या हो रही है। इसके बाद भी बांध से पानी व्यर्थ बहाने की जानकारी पर एसडीओ ने जांच की थी। संचालक द्वारा पानी बहाने की जानकारी मिली है। जिस पर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर जवाब मांगा गया हैं।

-आशुतोष सारस्वत, ईई जलसंसाधन विभाग दुर्ग

#### नोटिस जारी

"बांध से पानी व्यर्थ बहाने के मामले में ठंगडा बांध के संचालक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया हैं। जवाब मिलने पर ठोस कार्यवाही की जाएगी।

-सुमीत अग्रवाल,
आयुक्त नगरनिगम दुर्ग

# अलाटेड क्वार्टर में छह साल से कब्जा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अयप्पा नगर निवासी एम राजेश्वरी पति स्व. एम. निराकार ने सेक्टर 7 में अपने पति को अलाट किए गए क्वार्टर को कब्जामुक्त कराने के लिए दर बदर भटक रही है। मकान खाली कराने के लिए बीएसपी मदद कर रही है और न ही पुलिस कोई कार्रवाई कर रही है। मकान में 6 साल से एक कांग्रेस नेता ने कब्जा कर रखा है। मकान के लिए हर माह बीएसपी द्वारा काटा जा रहा है। अयप्पा नगर निवासी एम राजेश्वरी पति स्व. एम निराकार ने अपने दो बच्चों के साथ प्रेस कांफ्रेंस में न्याय की मांग करते हुए बताया कि मेरे पति एम निरकार भिलाई इस्पात संयंत्र के वायर राड मिल विभाग में सीनियर आपरेटिव के पद पर कार्यरत थे। 2 जुलाई 2018 को मेरे पति की मृत्यु होने के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा कर्मचारी हितलाभ योजना के तहत 30 सितंबर 2033 तक के लिए क्वार्टर नं 3 ए, सड़क-9, सेक्टर-7 में (1 -एम टाइप) आवास उपलब्ध करवाया गया था। मुझे रुपए की जरुरत होने पर अपने परिचित निरंजन बिसई से 90 हजार रुपए उधार ली थी। निरंजन द्वारा कोरे बॉन्ड पेपर में हस्ताक्षर कराया। अपने दोनों बच्चों के साथ भाई के घर राउरकेला जाने के दौरान अपने परिचित के निरंजन बिसई को घर की देखरेख के लिए अपने आवास को दे दिया। श्रीमती एम. राजेश्वरी ने बताया कि भिलाई वापस आकर जब वे अपने घर गई तो उन्हें घुसने नहीं दिया। खाली बॉन्ड पेपर में हस्ताक्षर लेकर किरायानामा टाइप करवा दिया गया। निरंजन बिसई हमारे क्वार्टर में 6 साल से कब्जा कर रखा है। आवास के लिए 8 हजार रुपए हर माह बीएसपी द्वारा काटा जा रहा है।

■ प्रेस कांफ्रेंस : न्याय के लिए भटक रही अलाटी महिला

#### पुलिस व बीएसपी से नहीं मिल रही मदद

श्रीमती एम. राजेश्वरी के पुत्र भूमिश ने बताया कि क्वार्टर में 6 साल से निरंजन के कब्जे की शिकायत लेकर भिलाई नगर थाने गए तो वहां बताया गया कि ये बीएसपी का मामला है। हम कुछ नहीं कर सकते। एक माह पूर्व नगर सेवा विभाग के अधिकारी से भी लिखित में शिकायत की गई है, लेकिन वहां से भी कुछ कार्रवाई नहीं की गई। भूमिश ने बताया कि अधिकारी समझौता करने की सलाह दे रहे हैं। आवास के लिए 8 हजार रुपए हर माह बीएसपी द्वारा काटा जा रहा है। भूमिश ने बताया कि मां के नाम से आवास अलॉट होने के बाद भी बीएसपी के अधिकारी कब्जाधारी निरंजन बिसई के पक्ष में बात कर रहे हैं। भूमिश ने बताया कि कब्जाधारी निरंजन बिसई कांग्रेसी नेता है। श्रीमती राजेश्वरी ने बताया कि आवास में जाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए लड़ाई झगड़ा की जाती है।

# पेयजल समस्या का समाधान करने नियंत्रण प्रकोष्ठ की स्थापना, लोगों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण एवं सुचारू रूप से संचालन/संधारण हेतु जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का मो. नम्बर 9827191230 है। नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड सहायक अभियंता श्री प्रकाश सिंह ठाकुर मो.न. 9827191230 है। इसी प्रकार नियंत्रण प्रकोष्ठ सहायक भागवत मानिकपुरी 9755903273 सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक, श्री ईश्वर देवांगन 9329682835 दोपहर 2 से रात 8 बजे तक रहेंगे। प्रकोष्ठ में पेयजल समस्या के निराकरण से संबंधित डाक एवं पत्राचार प्रकोष्ठ प्रभारी के नेतृत्व में सहायक मानचित्रकार धनसिंह सिन्हा द्वारा किया जाएगा। प्रकोष्ठ प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेंगे। प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु एक रजिस्टर संधारित किया जाएगा। जिसमें प्रतिदिन के प्राप्त शिकायतों का पूर्ण विवरण दर्ज होगा एवं संबंधित सहायक अभियंताओं/उप अभियंताओं को शिकायत से अवगत कराएंगे एवं शिकायत की तिथिवार निराकरण संबंधी जानकारी का स्पष्ट उल्लेख रजिस्टर में होगा। उपखंड स्तर पर पेयजल प्रकोष्ठ के तहत 15 जून 2025 तक अपने आबंटित कार्य के अतिरिक्त पेयजल प्रकोष्ठ से संबंधित कार्य करेंगे। विकासखंड दुर्ग/धमधा प्रभारी उप अभियंता प्रतिक मिश्रा 9752314143, गायत्री वैष्णव 7999843595, विशाल गेडाम 9406049040, कु.कल्पना पोया 8889278847 रहेगी। उपखंड कार्यालय पाटन प्रभारी सहायक अभियंता एम.ए.खान 9425555084, उप अभियंता पल्लवी ध्रुव 8249591211, सुमन साहू 7587143332, बिमला ठाकुर 7692069292 रहेंगे। जिला स्तर पर खंड कार्यालय दुर्ग एवं प्रत्येक उपखंड मुख्यालय तथा विकासखंड स्तर पर समस्त जनपद पंचायत मुख्यालय में शिकायत पंजी संधारित की जाएगी। शिकायत/सुधार उक्त स्थलों पर दर्ज किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त विभागीय टोल फ्री नम्बर 1800233008 में भी शिकायत/सुधार दर्ज किया जा सकता है।

**विभागीय टोल फ्री नम्बर 1800233008**

**मच्छरों का बढ़ रहा प्रकोप:** भिलाई-दुर्ग में मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। गर्मियों के दिनों में सबसे ज्यादा वार्ड की बस्तियों में गंदगी फैलने के कारण मच्छर पनप रहे है।

# हाईवे में भाजपा और सीबीआई का किया पुतला दहन

**दुर्ग।** जिला मुख्यालय दुर्ग में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दुर्ग के पुराना बस स्टैंड के हाईवे में पुतला दहन किया। इस दौरान बडी संख्या में पहुंचे कांग्रेसियों ने भाजपा के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई और पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की किए गए।

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और सीबीआई का पुतला दहन किया। सीबीआई छापे को लेकर दुर्ग ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि, यह छापा सीबीआई का दुरुपयोग है।छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर गुरुवार को जिला मुख्यालय दुर्ग में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी और सीबीआई का पुतला दहन किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक देवेंद्र यादव के यहां सीबीआई छापे को लेकर जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि यह छापा सीबीआई का दुरुपयोग है। यह छत्तीसगढ़िया नेतृत्व को दबाने और डराने की कोशिश है। इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण), गया पटेल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, संजय देहलहरा, नीलेश जैन, प्रहलाद वर्मा, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत उतई डिकेन्द्र हिरवानी, पार्षद द्वारिका, वीरेंद्र गोस्वामी, मुकेश साहू, नीरा खिचरिया, सुरता सिंह, तिलक साहू, ऋषि साहू, रत्ना नारमदेव, हेमा साहू आदि मौजूद थे।

# नगर निगम भिलाई अब सुविधाएं बढ़ाने वेंडरों को देगा ट्रेनिंग



हरिभूमि न्यूज :भिलाई

निगम भिलाई क्षेत्र में सड़क के किनारे एवं निर्धारित स्थल पर खाद्य सामग्री बेचने वाले लगभग 8780 स्ट्रीट वेंडर है। इसमें से 3222 स्ट्रीट वेंडरों का नगर निगम भिलाई द्वारा पंजीयन किया गया है। इनके पास गुमशता, हाकर लाइसेंस, पंजीयन प्रमाण पत्र आदि प्रदान किया गया है। ज्यादातर स्ट्रीट वेंडर द्वारा दैनिक उपयोग की खादय सामग्री बनाकर बेचा जाता है। समय-समय पर उन्हे शासन की योजना के अनुसार ट्रेनिंग दी जा रही है। किस प्रकार से दुकानों का संचालन करें, शासन द्वारा उन्हे क्या सुविधा प्रदान की जा रही है। शुरू में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनों के तहत व्यापार करने के लिए उन्हे 10 हजार का लोन प्रदान किया जाता है। बैंक से उनका ट्रान्जेक्शन ठीक रखने एवं हिसाब-किताब व्यवस्थित रखने पर उन्हे और आवश्यकतानुसार बैंक द्वारा दुकान को अच्छे ढंग से संचालित करने के लिए ऋण प्रदान किया जाता है।

### बोर्ड परीक्षा के उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन 26 से जारी

# बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन की कैमरे से निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के निर्देशानुसार बोर्ड की परीक्षा समाप्त होने के बाद दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन आदर्श कन्या स्कूल तथा सेजस दीपक नगर में 26 मार्च से शुरू हो गया।उत्तर पुस्तिका को सुरक्षा के बीच रखा गया है। पहले दिन प्रत्येक शिक्षक को 5-5 कापियां जांच के लिए दी गई। मूल्यांकन के लिए विषयवार प्राचार्य तथा लेक्चरर की ड्यूटी लगाई गई है। मूल्यांकन का समय सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक रखा गया है। केंद्र में पहले दिन दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा की कुल 800 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। जिसमे 12वीं के 350 तथा दसवीं के करीब 450 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। वही पहले दिन 184 प्राचार्य तथा लेक्चरर मूल्यांकन में शामिल हुए थे, दूसरे दिन 216 प्राचार्य तथा लेक्चरर मूल्यांकन के लिए शामिल हुए थे। मिली जानकारी के मुताबिक अब तक दसवी में 3212 और बारहवी में 2601 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया है।





#### प्राचार्य तथा केंद्राध्यक्ष की देख-रेख में मूल्यांकन

इस बार जिले के सबसे बड़े तथा प्रतिष्ठित शासकीय स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक जेआरडी विद्यालय को सीजी 10वीं-12वीं बोर्ड का मूल्यांकन केंद्र नहीं बनाया गया है। स्कूल के प्राचार्य तथा केंद्राध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल की देख-रेख में मूल्यांकन चल रहा है। शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा तथा परीक्षा प्रभारी अमित घोष दोनों केंद्रों का निरीक्षण किया। डीईओ ने मूल्यांकन को बेहद ही गंभीरता व सजकता से किए जाने के निर्देश दिए। वही सभी कमरों में सीसी कैमरा के द्वारा मानिटरिंग की जा रही है।

**खबर संक्षेप**



## नाती का नवोदय में चयन होने की खुशी में दादा ने कराया न्योता भोज

**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला डुमरघुंचा, संकुल केंद्र रानाखुज्जी से नवोदय विद्यालय में लोकेश कुमार पिता तिलोचन साहू का चयन हुआ। लोकेश की इस सफलता पर संकुल प्राचार्य आरके इंदौरिया, संकुल समन्वयक भागवत इंदौरिया, प्रधान पाठक माधुरी निषाद, शिक्षक क्षत्रेश कुमार साहू, देवश्री देवांगन एवं समस्त संकुल के शिक्षकों ने बधाई दी। नवोदय विद्यालय में चयन होने पर उनके दादा जीवनलाल साहू द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला डुमरघुंचा में न्योता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी बच्चों एवं शिक्षकों को खीर, पूरी, बड़ा खिलाया गया।

## भक्तिमय माहौल में डूबी धार्मिक नगरी



**दल्लीराजहरा।** दल्लीराजहरा सहित पूरे क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि की धूमधाम से शुरुआत हो गई है। धार्मिक नगरी राजहरा में भक्तिमय माहौल देखने को मिल रहा है। देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है, माता रानी के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा है। दल्लीराजहरा नगर के प्रमुख देवी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, अखंड ज्योति प्रज्वलन और मंगल पाठ का आयोजन किया गया है। श्रद्धालु व्रत-उपवास रखकर माता रानी की आराधना में लीन हैं। मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया है, जिससे संपूर्ण नगर का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा है। सभी तरफ आस्था और भक्ति की लहर देखी जा रही है। श्रद्धालु श्रद्धा एवं उल्लास के साथ माता के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। यह धार्मिक आयोजन शहरवासियों के लिए सुख-समृद्धि एवं शांति का संदेश लेकर आया है।

## मंगलतराई में ऑर्गेनिक मड़ई 2025 आज

**बालोद।** केंद्र प्रवणतत परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत "ऑर्गेनिक मड़ई 2025" का आयोजन 29 मार्च को जिले के डौंडी विकासखंड के ग्राम मंगलतराई में प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक डौण्डीलोहारा विधानसभा अनिला भेड़िया तथा अतिविशिष्ट अतिथि जिला पंचायत की अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर करेंगी। कार्यक्रम में परंपरागत कृषि विषयांतर्गत वैज्ञानिक व्याख्यान एवं कृषि परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा।

## पंचायतों के मूलभूत कार्यों के लिए राशि जारी

**बालोद।** पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्राम पंचायतों के मूलभूत कार्यों के लिए राशि जारी कर दी गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि इसके अंतर्गत बालोद जिले के सभी 436 ग्राम पंचायतों के लिए कुल 194.41 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि प्राप्त राशि को ग्राम पंचायतों के जनसंख्या के आधार पर ग्राम पंचायतों में होने वाले मूलभूत कार्यों के लिए प्रदान किया जा रहा है। डॉ. कन्नौजे ने बताया कि प्राप्त राशि को विकासखण्डवार आबंटित करते हुए बालोद विकासखण्ड के 60 ग्राम पंचायतों के लिए 24.42 लाख रूपये, डौण्डी विकासखण्ड के 62 ग्राम पंचायतों के लिए 41.01 लाख रूपये, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के 120 ग्राम पंचायतों के लिए 49.29 लाख रूपये, गुण्डरदेही विकासखण्ड़ के 117 ग्राम पंचायतों के लिए 47.16 लाख रूपये तथा गुरूर विकासखण्ड के 77 ग्राम पंचायतों के लिए 32.50 लाख रूपये ग्राम पंचायतों के खातें में हस्तांतरित किया गया है।

**जयंती: दल्लीराजहरा में भक्त कर्मा माता की हर्षोल्लास से मनाई गई जयंती**

# आपसी मतभेद को भूलकर एक होकर रहें, दूसरों की करें मदद : नपा अध्यक्ष





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा में भक्त कर्मा माता जयंती हर्षोल्लास और भक्ति भाव से मनाई गई। इस अवसर पर साहू समाज ने महत्वपूर्ण योगदान दिया और भव्य आयोजन किए। श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था के साथ माता की आराधना की। कार्यक्रम के तहत शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

पूरे नगर में धार्मिक माहौल बना रहा, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से वातावरण भक्तिमय हो गया। साहू समाज के नेतृत्व में इस आयोजन को भव्यता प्रदान की गई, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का संचार हुआ। तहसील साहू संघ दल्ली राजहरा



के द्वारा संत शिरोमणि भक्त मां कर्मा की जयंती के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस 25 मार्च को भक्त मां कर्मा मंदिर प्रांगण में भगवान सत्यनारायण कथा रामायण पाठ एवं कलश यात्रा के साथ नगर भ्रमण हुई। संध्या आदर्श विवाह के लिए छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुसार तेल मायन एवं हल्दी की रस्म निभाई गई। तोरण लाल साहू नगर पालिका अध्यक्ष दल्ली राजहरा एवं उपाध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद ने कहा कि समाज में आपसी भेदभाव को भूलकर एक होकर रहें एक दूसरे का मदद करें एक दूसरे को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहे। हमारे समाज के बच्चे आगे बढ़ेंगे तो समाज का नाम रोशन होगा। प्रदेश में और देश में साहू समाज का नाम होगा साहू समाज का संगठन मजबूत करने के लिए एक होकर रहे। समाज हर साल आदर्श विवाह करवाता है। इससे पहले जिला स्तरीय आदर्श विवाह हुआ था जिसमें साहू समाज के द्वारा 89 जोड़ों का विवाह करवाया गया था। हमारे एल के साहू ने पहला आदर्श विवाह एक जोड़ से चालू किया था। तब से लगातार आदर्श विवाह हो रहा है।

### 5 जोड़ों का हुआ आदर्श विवाह

समाज के मात शक्तियों के द्वारा भक्त मां कर्मा की आरती ली गई उसके बाद गांधी चौक दुर्गामंच में जाकर वर पक्ष का स्वागत एवं समधी भेट की परंपरा निभाई गई। स्वागत के बाद बाजे गाजे एवं रावत नाचा के साथ वर पक्ष को विवाह स्थल तक लाया गया। मां कर्मा महिला प्रकोष्ठ के नेतृत्व में वधु पक्ष द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में 5 जोड़ों का सामुहिक आदर्श विवाह हुआ। जिसमें टेनेसवरी संग ओंकार , देविका संग अनिल टिकेश्वरी संग बुद्धलाल, हेमलता संग देवचंद, सभ्य संग सुनील अतिथि आगमन के बाद स्वागत समारोह हुआ। जहां तहसील साहू संघ के पदाधिकारियों के द्वारा स्वागत के बाद पूरे 15 परिक्षेत्र के पदाधिकारियों एवं अतिथियों के द्वारा स्वागत किया गया।



# कर्मा जयंती पर निकाली गई मंगल कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुण्डरदेही ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों चाराचार, पसौद, खेरुद, तमोरा आदि में भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन हुआ। इसमें साहू समाज के पदाधिकारियों सहित सामाजिक बंधु सम्मिलित हुए। इस दौरान ग्रामों में महिलाओं द्वारा मंगलकलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में भक्त माता कर्मा की पूजा की गई एवं समाज के प्रतिभावानों एवं वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर उपस्थित रही।



उन्होंने भक्त शिरोमणि माता कर्मा के पूजन–वंदन उपरांत उपस्थित समस्त लोगों को मां कर्मा के त्याग, तप और बलिदान की याद दिलाते हुए कहा कि भक्त माता कर्मा ने हम सबको मानव हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी गांवों में ग्रामीण साहू समाज व परिक्षेत्र साहू समाज के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# बीएसपी की अकुशल कार्य प्रणाली से तेजी से हो रहा पलायन, कम हो रही है जनसंख्या





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

बीएसपी की अकुशल कार्य प्रणाली की वजह से तेजी से पलायन हो रहा है। दल्ली राजहरा की जनसंख्या तेजी से कम हो रही है जनसंख्या जिस अनुपात में कम हो रही है उसे लेकर अब चिंतन का विषय हो गया है, सत्ता पक्ष, विपक्ष दोनों के जनप्रतिनिधि सिर्फ अपनी अपनी राजनीति करने में लगे हुए हैं वहीं श्रमिक नेता का प्रभाव भी कम होने लगा है एक समय था जब शहीद शंकर गुहा नियोगी का वर्चस्व था और छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा का नाम दल्लीराजहरा सहित पूरा प्रदेश और देश में था परंतु अब विभिन्न श्रमिक संगठन भी एकजुट नहीं है जिसकी वजह से बीएसपी के आलाधिकारी फूट डालो राज करो की तर्ज पर कार्य कर रहे हैं और बीएसपी मालामाल हो रही है लोग बेरोजगार हो रहे हैं पलायन करने लगे हैं डेढ़ लाख की जनसंख्या मात्र 41,000 में सिमट गई है। भारत की जनगणना 2011 के अनुसार दल्ली राजहरा की जनसंख्या 44,363 है। यहाँ बेघरों सहित केवल 11,018 परिवार हैं, जो जनसंख्या में गिरावट का रुझान दर्शाता है। 2001 की भारत की जनगणना के अनुसार, दल्ली-राजहरा की जनसंख्या 50,615 थी। जनसंख्या में 52% पुरुष और 48% महिलाएँ हैं। दल्ली-राजहरा की औसत साक्षरता दर 68% है, जो राष्ट्रीय औसत 59.5% से अधिक है। पुरुष साक्षरता 77% और महिला साक्षरता 58% है। दल्ली-राजहरा में, 14% आबादी 6 वर्ष से कम आयु की है।

- बीएसपी के आलाधिकारी फूट डालो राज करो की तर्ज पर कार्य कर हैं रहे

### बीएसपी ने सुविधा देने के बजाय छीना

दल्लीराजहरा के भाजपा सत्ता पक्ष के और आरएसएस से जुड़े धर्मचंद जैन के अलावा सौरभ लुनिया ने कहा की दल्लीराजहरा क्षेत्र में आयरन और की खदानें हैं बीएसपी ने मूलभूत सुविधा देने की बजाय छीना है बीएसपी के सौतेले व्यवहार की वजह से अब लोग पलायन कर रहे हैं।

### दल्ली और राजहरा दोनों में हैं खदानें

दल्ली-राजहरा जुड़वां खदान है और राजहरा खदान समूह का हिस्सा है। ये भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) के लिए कैप्टिव लौह अयस्क खदानें हैं जो सेल का एक उद्यम है। इस क्षेत्र से निकाले गए लौह अयस्क हेमेटाइट और मैग्नेटाइट किस्म के हैं। पड़ोस की अन्य खदानें डोलोमाइट, चूना और अन्य कच्चे माल का उत्पादन करती हैं जिनका उपयोग इस्पात उत्पादन में किया जाता है। उसके बावजूद जनसंख्या लगातार काम हो रही है लोग पलायन कर रहे हैं। दल्ली-राजहरा दुर्ग से लगभग 83 किलोमीटर दक्षिण में है और भारतीय रेलवे के दक्षिण-पूर्वी खंड के अंतर्गत आता है। दल्ली और राजहरा दोनों में खदानें हैं, लेकिन रिहायशी इलाका मुख्य रूप से राजहरा में है। दल्ली-राजहरा एक आत्मनिर्भर टाउनशिप है, जहां बीएसपी ने अस्पताल और काफी संख्या में शैक्षणिक संस्थान स्थापित किए थे, उसे भी बीएसपी ने बंद कर दिया है। 1970 के दशक में श्रमिक अधिकार आंदोलन के परिणामस्वरूप दल्ली-राजहरा प्रमुखता में आया था, ये खदानें खुली खदानें हैं और शाम के समय बस्ती में प्रवेश करते ही पहाड़ियों पर चमकती हजारों रोशनियों का मार्मिक दृश्य दिखाई देता था अब सब लुप्त होने लगा है, तेजी से शहर के लोग पलायन कर रहे हैं दूसरे जिलों और राज्यों में जाकर कार्य कर रहे हैं बीएसपी के सौतेले व्यवहार की वजह से लोग परेशान हैं चिंतन का विषय हो गया है।

# टीवी मुक्त होने पर देवकोट को सिल्वर एवं 22 अन्य पंचायत को मिला ब्राउन्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीवी मुक्त पंचायत 2024 के लिए पुरूस्कारो की घोषणा की गई। इसमें लगातार दूसरे वर्ष भी टीवी मुक्त होने वाले ग्राम देवकोट को सिल्वर एवं 22 अन्य पंचायत को ब्राउन्स सम्मान प्रदान किया गया। 2024 मे टीवी मुक्त रहने वाले ग्राम पंचायत खुंदनी, अकलवारा, पेरपार, फागुनदाह, उसरवारा, दर्रा, ठेकवाडीह, बड़भूम, धानापुरी, आनंदपुर, बोरिदकला, बागतराई, पौड़, अरकार, हसदा, दर्रा, बोड़रा, मोहारा, सनौद, ओझागहन, सांगली, बोहारा को सम्मानित किया गया। अन्य पंचायतों को प्रेरित किया गया कि वे भी अपने पंचायत क्षेत्र मे जनजागरूकता एवं सुविधा व्यवस्था तैयार कर ग्राम को टीवी मुक्त बनावे।

टीवी मुक्त पंचायतो को एसडीएम प्राची ठाकुर, तहसीलदार हनुमंत "याम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद गुरूर उमेश रात्रे, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील भारती, कार्यक्रम अधिकारी योगेश साहू ने प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह दो सत्र मे संपन्न हुआ। प्रथम सत्र मे विकासखण्ड के सभी सरपंचो को स्वास्थ विभाग मे संचालित जन आरोग्य समिति के संबंध मे जानकारी दी गई। द्वितीय सत्र मे टीवी मुक्त पंचायतों का सम्मान एवं टीवी मुक्ति के लिए पंचायतो की सहभागिता पर सत्र आयोजित किया गया।

### जागरूकता से टीवी पर पा सकते हैं नियंत्रण : तहसीलदार

टीवी मुक्त ग्रामों में से एक अरकार के सरपंच खेमलाल देवांगन ने कहा की हम सभी को मिलकर टीवी मुक्त ग्राम, बनाने के लिए कार्य करना होगा, मरीज की गोपनीयता बरकरार रखते हुए उसके बेहतर खान पान एवं चिकित्सा के साथ लक्षण वाले मरीजों की समय पर पहचान कर समय पर उपचार प्रारंभ हो यह हम सभी की जिम्मेदारी है। सीईओ उमेश रात्रे ने कहा की सामुदायिक सहभागिता से टीवी की लड़ाई से सफलता पाई जा सकती है। तहसीलदार हनुमंत श्याम ने कहा की जागरूकता से टीवी पर नियंत्रण किया जा सकता है, सरपंच इस दिशा मे सजग रहे एवं ग्राम के बेहतर स्वास्थ के लिए भी कार्य करें। टीवी मुक्त करने मे प्रभावशाली कार्य करने वाले स्वास्थ कर्मचारियो प्रियंका चेलक, सविता देवांगन, भारती साहू, मीना साहू, गजानंद साहू, तामेश्वरी यादव, तारा रानी, निरूपा साहू, द्रोणाचार्य, लिकेश निशाद, विजय लक्ष्मी, कामिनी साहू, देवेन्द्र साहू, चमेली साहू , ज्योति साहू, रघुवीर साहू, राजेन्द्र यादव, परमे"वरी साहू, उत्तम साहू, सरोज महमल्ला, चैन सिंह साहू, धर्मेन्द्र साहू, योगेश प्रसाद, खिलेश्वरी साहू, निकिता देवांगन, अनिरूद्व साहू, गंगा आर्य, विवेकानंद साहू, पुष्पांजली का भी सम्मान किया गया।

# पेयजल समस्या निरकाण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**बालोद।** कलेक्टर इंद्रजीत सिह चंद्रवाल के निर्देश पर जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान मैदानी स्तर पर पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा जिले में पेयजल की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला स्तर, उपखण्ड एवं विकासखण्डवार कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता सुक्रांत साहू ने बताया कि जिला स्तरीय कंट्रोल रूम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद में स्थापित किया गया है जिसके प्रभारी जितेन्द्र कुमार संभागीय लेखा अधिकारी है। विकासखण्ड डौण्डी एवं डौण्डीलोहारा हेतु प्रभारी नितिन ठाकुर सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विकासखण्ड बालोद एवं गुरूर हेतु प्रभारी सुरेश वर्मा सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और विकासखण्ड गुण्डरदेही हेतु प्रभारी एस. आर. ठाकुर सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी है। उन्होंने बताया कि बालोद विकासखण्ड हेतु प्रभारी योगेश्वरी जोशी उप अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, गुरूर विकासखण्ड हेतु प्रभारी चन्द्रहास चंद्रवंशी उप अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, डौण्डी विकासखण्ड हेतु प्रभारी अनुज भुआर्य उप अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड हेतु प्रभारी तेजराम सिन्हा उप अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और गुण्डरदेही विकासखण्ड हेतु प्रभारी तृप्ति ठाकुर उप अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व प्रियंका धुरवे उप अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी है। कार्यपालन अभियंता साहू ने बताया कि उपरोक्त प्रभारियों से दर्शाए गए नंबर पर संपर्क न होने की स्थिति में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद के सहायक अभियंता जितेन्द्र कुमार संभागीय लेखाधिकारी से सम्पर्क किया किया जा सकता है। बिगड़े हैण्डपंप की सूचना जनसाधारण द्वारा टोल फ्री नम्बर 18002330008 पर दी जा सकती है।

- किासखंडवार नियुक्त किए गए हैं अधिकारी

# कलेक्टर ने जिले में अधिकारियों के कार्यों का किया बंटवारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इंद्रजीत ऋृसह चन्द्रवाल ने जिले में पदस्थ अधिकारियों के कार्य विभाजन के आदेश जारी किए हैं। जिसके अंतर्गत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का संपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक को उप जिला निर्वाचन अधिकारी सामान्य एवं स्थानीय निर्वाचन के साथ–साथ अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी एवं जिला दण्डाधिकारी के अधीन जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी दी गई है। कलेक्टर ने अपर कलेक्टर नूतन कुमार कंवर को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी डौण्डी का प्रभार व अनुभाग क्षेत्र के लिए भू अर्जन अधिकारी, उप मण्डी डौण्डी, नोडल अधिकारी जिला खनिज न्यास एवं सीएसआर के साथ–साथ जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य का निर्वहन करेंगे। इसी तरह डिप्टी कलेक्टर सुरेश कुमार साहू को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी बालोद का प्रभार, अनुभाग क्षेत्र के लिए भू–अर्जन अधिकारी, मण्डी बालोद, जिला सत्कार अधिकारी के साथ–साथ जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों का निर्वहन करेंगे। उधर डिप्टी कलेक्टर राम कुमार सोनकर को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी गुरूर का प्रभार के साथ-साथ अनुभाग क्षेत्र के लिए भू–अर्जन अधिकारी, उप मंडी गुरूर, जिला खेल अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी खेल के साथ–साथ जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य का निर्वहन करेंगे। कार्यविभाजन के दौरान डिप्टी कलेक्टर शिवनाथ बघेल को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी डौण्डीलोहारा का प्रभार, अनुभाग क्षेत्र के लिए भू–अर्जन अधिकारी, उप मंडी डौण्डीलोहारा के साथ–साथ अन्य कार्यों का निर्वहन करेंगे। इसी तरह डिप्टी कलेक्टर प्रतिमा ठाकरे झा को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी गुण्डरदेही का प्रभार, अनुभाग क्षेत्र के लिए भू–अर्जन अधिकारी के साथ–साथ जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य का भी निर्वहन करेंगी।

- जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संपूर्ण दायित्व दिए

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में जिले में पदस्थ अधिकारियों की ऋृलक अधिकारी की नियुक्ति भी की गई है। जिसके अंतर्गत अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक का ऋृलक अधिकारी अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा होंगे। इसी तरह अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा के ऋृलक अधिकारी अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक तथा डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर का ऋृलक अधिकारी अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा होंगे।

कलेक्टर द्वारा जारी किए गए आदेश के तहत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे को ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, क्रीड़ा विभाग, प्रभारी अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, पशु पालन एवं पशु चिकित्सा विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यानिकी विभाग, रेशम विभाग, ग्रामोद्योग विभाग, अंत्यावसायी विभाग, उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, कौशल विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा तकनीकी, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, समग्र शिक्षा, स्वामी आत्मानंद स्कूल अंग्रेजी एवं हिन्दी, आयुष विभाग, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह अपर कलेक्टर श्री अजय किशोर लकरा को वित्त, स्थापना शाखा एवं जिला नाजरात शाखा का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

**नवरात्रि पर शहर आठ दिनों तक होंगे विविध कार्यक्रम**

# नवरात्रि से पहले शहर में मालवाहकों का मार्ग बदला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान शांतिपूर्वक तरीके से नवरात्रि पर्व के आयोजन हेतु मार्ग परिवर्तित किया गया है। मां गंगा मैया झलमला मंदिर से गुजरने वाले बड़े माल वाहक चालकों से परिवर्तित मार्ग का उपयोग करने की अपील की गई है।

मां गंगा मैया मंदिर झलमला में चैत्र नवरात्रि पर्व 30 मार्च से 6 अप्रैल तक ज्योति कलश स्थापना, विभिन्न कार्यक्रमों एवं मेला का आयोजन होने से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, आम नागरिकों एवं दर्शनार्थियों की भीड़ होने की संभावना को देखते हुए आगामी चैत्र नवरात्रि पर्व के मद्देनजर मां गंगा मैयार मंदिर झलमला बालोद में सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था



के संचालन के लिए रूट डायवर्सन चार्ट बनाया गया है। रूट डायवर्सन चार्ट में धमतरी तरफ से आने वाली बड़ी मालवाहक वाहन धमतरी, गुरूर, झलमला तिराहा, पड़कीभाट, बायपास पाररास होते हुए बटेरा चौक लोहारा से गतव्य स्थान के लिए आगे बढ़ेंगे। दुर्ग से आने वाले बड़ी मालवाहन वाहन दुर्ग, गुण्डरदेही, पड़कीभाट, बायपास होते हुए बटेरा चौक लोहारा, पाररास बायपॉस पड़कीभाट होते हुए गतव्य स्थान के लिए आगे बढ़ेंगे। इसी प्रकार राजनांदगांव की ओर से आने वाली बड़ी मालवाहन राजनांदगांव, लोहारा, बटेराचौक पाररास बायपास पड़कीभाट होते हुए गतव्य स्थान के लिए आगे बढ़ेंगे। उपरोक्त रूट डायवर्सन चार्ट सभी बड़ी मालवाहक वाहनो के लिए 30 मार्च से 6 अप्रैल तक लागू रहेगा।

### शहर में चार स्थानों पर की गई पार्किंग की व्यवस्था

मां गंगा मैया परिसर झलमला बालोद में आने वाले वाहन चालकों एवं श्रद्धालुओं के लिए 4 स्थानों में पार्किंग स्थान बनाये गया हैं। धमतरी गुरूर की ओर से आने वाले दर्शनार्थी पुलिस कॉलोनी परिसर झलमला में पार्किंग करेंगे। दुर्ग गुण्डरदेही की ओर से आने वाले दर्शनार्थी झलमला बाजार चौक में पार्किंग करेंगे एवं राजहरा राजनांदगांव की ओर से आने वाले वाहन सिवनी मैदान पार्किंग एवं बालोद बाजार हीरापुर जाने मोड़ के सामने पार्किंग करेंगे। दर्शनार्थियों एवं आम जनता से यातायात पुलिस बालोद ने अपील की है कि निर्धारित स्थानों में ही वाहनों की पार्किंग करें, निर्धारित पार्किंग स्थानों में ही वाहन पार्किंग कर सवारी उतारे, बड़ी मालवाहक वाहन चालक/परिचालक एवं मालिक परिवर्तित मार्ग का उपयोग करें। यातायात व्यवस्था बनाने एवं शांतिपूर्वक तरीके से चैत्र नवरात्रि पर्व के आयोजन हेतु जिला एवं पुलिस प्रशासन बालोद का सहयोग करें।

